दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-102 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 27 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# विदर्भ का ब्रह्मपुरी 47.6°C के साथ देश में सबसे गर्म

## नौतपा के शुरू होते ही उत्तर और मध्य भारत बना तंदूर



नई दिल्ली (ए.)। उत्तर और मध्य भारत इन दिनों सूरज की भीषण तपिश और जानलेवा लू (हीटवेव) की मार झेल रहा है। इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में 'सीवियर हीटवेव' का हाई अलर्ट जारी किया है। 25 मई से हिंदू कैलेंडर के अनुसार नौतपा की शुरुआत हो चुकी है, जिसके कारण आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को इस झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

### ब्रह्मपुरी, विदर्भ में आसमान से बरस रही आग

मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस जानलेवा गर्मी का सबसे खौफनाक असर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में देखा जा रहा है। सोमवार को चंद्रपुर जिले का ब्रह्मपुरी इलाका 47.6 C अधिकतम तापमान के साथ पूरे देश में सबसे गर्म स्थान दर्ज किया गया है। विदर्भ के अन्य शहरों का भी यही हाल है; नागपुर में पारा 46.5 C, भंडारा और गढ़चिरौली में 46.4 C, गोंदिया में 46.1 C, जबकि चंद्रपुर और वर्धा में तापमान 46 C रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा अकोला में 45.4 C और अमरावती में 45 C तापमान दर्ज किया गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

### यूपी, एमपी और राजस्थान में भी पारे का टॉर्चर जारी

महाराष्ट्र के बाद मध्य प्रदेश भी भीषण तपिश की चपेट में है, जहां खजुराहो में पारा 46.8 C तक जा पहुंचा है, जबकि ग्वालियर में तापमान 45 C के करीब बना हुआ है। राजस्थान के कोटा में 45.6 C और चूरू में करीब 45 C तापमान दर्ज किया गया, जहां दिनभर चली धूलभरी गर्म हवाओं (लू) ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया। हरियाणा के सिरसा में भी पारा 46.2 C रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तापमान 45 C से ऊपर और बांदा में 44 C के पार रहा। वहीं, देश की राजधानी दिल्ली-NCR में भी कई इलाकों में तापमान 44 से 45 C के बीच बना हुआ है, जिससे रातें भी बेहद गर्म हो गई हैं।

### कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट, रात को भी चैन नहीं

मौसम विभाग ने देश के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों के लिए विशेष और गंभीर चेतावनी जारी की है। IMD ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर, वर्धा और अमरावती जिलों में 27 मई तक के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। यहां न सिर्फ दिन में सीवियर हीटवेव चलेगी, बल्कि रात के समय भी तापमान बेहद गर्म रहने की आशंका है। इसके साथ ही नागपुर और अकोला के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और यूपी में अगले 2 से 3 दिनों तक लू का यह खतरनाक दौर जारी रहेगा और कई इलाकों में रात के समय भी गर्म हवाएं (वार्म नाइट कंडीशंस) चलेंगी, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालने की तैयारी, मोदी सरकार ने बनाई हाई-लेवल कमेटी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को देश भर में होने वाले जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है. इस अध्ययन में अवैध प्रवासियों के कारण आबादी में होने वाले बदलावों को भी शामिल किया जाएगा. सरकार ने यह कदम शासन व्यवस्था, सार्वजनिक सेवाओं, सीमा सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने पर पड़ने वाले इसके असर को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया है.उच्च-स्तरीय जनसांख्यिकीय परिवर्तन समिति% नाम की इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर करेंगे. समिति के चार अन्य सदस्यों में जनगणना आयुक्त, पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री शमिका रवि शामिल हैं. गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विदेशी- आई) इस समिति के सदस्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

## पारसी जोरास्ट्रियन की संपत्ति के दुरुपयोग का मामला, सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें मुंबई के पारसी जोरास्ट्रियन पुरवेज बुर्जोर दलाल की संपत्ति से जुड़े पक्षों के व्यवहार की कोर्ट की निगरानी में आपराधिक जांच का निर्देश दिया गया था. दलाल का 2011 में निधन हो गया था.जस्टिस पंकज मिथल और प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने क्या कहा

अपील में कोई दम नहीं होने के कारण उन्हें खारिज किया जाना चाहिए और इसलिए उन्हें खारिज किया जाता है. चूंकि हम हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रख रहे हैं, इसलिए हम यहां यह कह सकते हैं कि अगर हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, प्रोथोनोटरी (प्रधान क्लर्क या मुख्य अभिलेख अधिकारी) द्वारा एक रिपोर्ट तैयार की जाती है और जांच के लिए जमा की जाती है, तो सक्षम जांच अधिकारी तेजी से जांच करे और हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार प्रगति रिपोर्ट जमा करे।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उज्जैन में सपत्निक क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा के समापन समारोह में शामिल होकर माँ क्षिप्रा को पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की।

# इबोला वायरस को लेकर भारत सरकार अलर्ट, हवाई यात्रियों के लिए कोविड जैसे प्रोटोकॉल फिर से लागू

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में इबोला वायरस के संभावित खतरे को देखते हुए सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना होगा कि यात्री भारत पहुंचने से पहले 'सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म' (SDF) भरें। साथ ही एयरपोर्ट पर उनकी थर्मल स्क्रीनिंग भी की जाएगी। कोविड काल जैसी सावधानियों को फिर से लागू करते हुए DGCA ने एयरलाइंस के लिए विस्तृत प्रोटोकॉल जारी किया है। निर्देशों के अनुसार, जिन यात्रियों में इबोला जैसे लक्षण दिखाई देंगे, उन्हें विमान के पिछले हिस्से में बैठाया जाएगा



ताकि अन्य यात्रियों का संपर्क कम से कम हो। इसके अलावा, संदिग्ध यात्री के आगे और पीछे की तीन-तीन सीटों की पंक्तियां यथासंभव खाली रखी जाएंगी।एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा, एमिरेट्स और कतर एयरवेज जैसी एयरलाइंस प्रभावित देशों से यात्रियों को भारत ला रही हैं। यदि किसी विमान में इबोला के संदिग्ध लक्षण वाला यात्री पाया जाता है, तो एयरलाइन को तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को सूचना देनी होगी, ताकि विमान को अलग बे (Bay) में ले जाया जा सके। नए प्रोटोकॉल के तहत जिन यात्रियों में कोई लक्षण नहीं होंगे, उन्हें पहले विमान से उतारा जाएगा। इसके बाद संदिग्ध यात्रियों को सबसे अंत में उतारकर स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सौंपा जाएगा। DGCA की ओर से जारी घोषणा में कहा गया है कि जिन यात्रियों को बुखार, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, उल्टी, दस्त, शरीर पर चकत्ते या रक्तस्राव जैसी शिकायत हो, वे तुरंत एयरलाइन क्रू और भारत पहुंचने पर इमिग्रेशन या मेडिकल यूनिट को सूचित करें।

# मध्य प्रदेश के पन्ना में कुएं की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसी, 5 मजदूरों की मौत



पन्ना, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में मंगलवार को कुएं की खुदाई के दौरान मिट्टी धंस गई, जिसमें दबकर 5 मजदूरों की मौत हुई है। हादसा अजयगढ़ तहसील में आने वाले बीहरपुरवा गांव में हुआ है। मौके पर कई मजदूर काम कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। अभी तक 3 मजदूरों के शव निकाले गए हैं, जबकि 2 की खोज चल रही है। घटना की खबर से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। जिला कलेक्टर पन्ना ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत सार्वजनिक सिंचाई कूप के लिए कुएं का निर्माण किया जा रहा था। यह काम पिछले 10 दिनों से चल रहा था। मंगलवार सुबह अचानक मिट्टी धंस गई, तभी वहां काम कर रहे 5 मजदूर मिट्टी में दब गए। घटना के समय 2 अन्य मजदूर कुएं से बाहर थे, जिससे वे बच गए। मृतकों में 3 मजदूर एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों का कहना है कि कुएं की खुदाई के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है, जिससे यह हादसा हुआ है। मौके पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस और बचाव दल की टीम पर पहुंच गई है। राहत और बचाव कार्य चल रहा है। मिट्टी को हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है। कुएं का निर्माण कौन करवा रहा था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

## हाईकोर्ट का जहांगीर खान को आत्मसमर्पण करने का निर्देश

### -उच्च न्यायालय ने किया अंतरिम सुरक्षा को आगे बढ़ाने से इनकार

कोलकाता, (आरएनएस)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जहांगीर खान को दी गई अंतरिम सुरक्षा को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया और उन्हें पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने और उनके खिलाफ दर्ज कई मामलों की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि फलता में विधानसभा उपचुनाव की अवधि के दौरान दी गई सुरक्षा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी नहीं रह सकती। जहांगीर खान की कानूनी टीम ने अवकाशकालीन पीठ में याचिका दायर कर 26 मई तक दी गई अंतरिम राहत को बढ़ाने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान, अदालत ने सवाल किया कि उपचुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भी सुरक्षा क्यों जारी रहनी चाहिए और यह भी कहा कि पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, इसलिए जांच में सहयोग करना आवश्यक है।

## ओडिशा के कालाहांडी में टॉयलेट टैंक के अंदर दम घुटने से छह लोगों की मौत

### -मुख्यमंत्री ने मुआवजे का किया ऐलान



कालाहांडी, (आरएनएस)। ओडिशा के कालाहांडी जिले में एक सेप्टिक टैंक के अंदर दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गई. यह घटना जिले के मदनपुर रामपुर इलाके के गौड़ा करलाखुंटा गांव में हुई. मरने वालों में तीन राजमिस्त्री, एक मजदूर, एक मकान मालिक और उसका बेटा शामिल हैं।

इस घटना में एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह दुखद घटना तब हुई जब मजदूर सेंटरिंग (भवन निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री) का सामान हटाने के लिए नए बने टॉयलेट टैंक में घुसे थे।

बताया जा रहा है कि दम घुटने के बाद वे टैंक के अंदर बेहोश हो गए. एक के बाद एक, दूसरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की और टैंक में घुस गए, लेकिन वे भी बेहोश हो गए।

सूचना मिलने के बाद, स्थानीय लोग और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. रेस्क्यू टीम ने सभी पीड़ितों को टैंक से बाहर निकाला. उन्हें तुरंत मदनपुर रामपुर कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया. वहीं, घायल मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है।





## मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी की रणनीति को धीमा जहर बताया, कहा- गरीब हो रहा तबाह

नईदिल्ली(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद मंगलवार को सीएनजी की कीमतें 2 रुपये बढ़ने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया। उन्होंने मंगलवार को कहा



कि रोज-रोज पेट्रोल-डीजल के दाम और सीएनजी के दाम बढ़ाए जा रहे हैं, वह धीमे जहर की तरह है, जो गरीबों को तबाह कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।

खड़गे ने पत्रकारों से कहा, मैंने कल ही कहा था कि ये नरेंद्र मोदी की रणनीति है। ये एक तरह से धीमा जहर है, जो गरीबों को तबाह कर रही है। मोदी सरकार हर दिन थोड़ी-थोड़ी कीमतें बढ़ा रही है। अगर हफ़्तेभर में कीमतें 10-12 रुपये तक बढ़ जाती हैं, तो इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और वे देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।

खड़गे ने आगे कहा, प्रधानमंत्री मोदी कहते रहते हैं कि वे सबकुछ देश के लिए कर रहे हैं, लेकिन आज लोग मर रहे हैं। अगर महंगाई ऐसे ही बढ़ती रही, बेरोज़गारी बढ़ती रही, फैक्ट्रियां और छोटे उद्योग बंद होते रहे तो देश का क्या होगा? सभी श्रेणी के लोग इस सरकार से नाराज है। मोदी सरकार जब से आई है, तब से लगातार पेपर लीक सामने आए हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी पर्यटक की तरह सिर्फ विदेश घूमने में व्यस्त हैं।

# पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों में डर का माहौल, हाकिमपुर चेक पोस्ट पर जमा हुई भीड़



कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार जाने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों में पुलिस कार्रवाई का डर सता रहा है, जिसे देखते हुए वे वापस अपने देश लौट रहे हैं। सूत्रों ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उत्तर 24 परगना जिले में अवैध रूप से रह रहे 100 से अधिक बांग्लादेश के नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर जमा हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि सभी नागरिक वापस अपने देश लौटना चाहते हैं। हाकिमपुर चेक पोस्ट स्वरूपनगर इलाके में है। यह भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक महत्वपूर्ण बॉर्डर आउटपोस्ट, जो सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा संचालित होता है। पश्चिम बंगाल में एसआईआर और चुनाव के बाद काफी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक इसी चेकपोस्ट से वापसी कर रहे हैं। यह एक वापसी चेकपोस्ट की तरह काम कर रहा है। बीएसएफ यहां से अवैध नागरिकों को बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को सौंप रहा है। हाल के दिनों में यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## पश्चिम बंगाल में 5 रुपये में मिलेगा मछली-भात, स्कूल-धार्मिक स्थलों के पास नहीं खुलेंगी शराब दुकानें, महिलाओं को प्रति माह 3,000

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 27 मई से अन्नपूर्णा योजना के लिए फॉर्म जारी करना शुरू कर देगी, जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 3,000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और पूजा स्थलों के एक किलोमीटर के दायरे में शराब की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही आम लोगों के लिए भोजन को लेकर भी अहम घोषणा की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सप्ताह में 2 बार 5 रुपये में मछली और चावल का भोजन उपलब्ध कराएगी। उनके अनुसार, लोगों को किफायती भोजन उपलब्ध कराने के लिए इस पहल के तहत लगभग 400 विशेष कैंटीन स्थापित की जाएंगी। बंगाल की खाद्य संस्कृति में मछली-भात बेहद अहम माना जाता है और सरकार इसे कम कीमत पर उपलब्ध कराकर गरीब तबकों को राहत देना चाहती है।





# आरएपीटीसी इंदौर एवं 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल इंदौर का संयुक्त दीक्षांत परेड समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न

**पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने नव आरक्षकों को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं जनविश्वास के साथ कार्य करने का दिया संदेश**
**पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना, साहस और जनता के विश्वास का प्रतीक - डीजीपी श्री मकवाणा**



भोपाल(ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष सशस्त्र बल के गौरवशाली इतिहास एवं अनुशासित परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इंदौर स्थित रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में आरएपीटीसी इंदौर एवं 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल इंदौर के नव आरक्षकों का संयुक्त दीक्षांत परेड समारोह अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा उपस्थित रहे। इस गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकविशेष सशस्त्र बल मुख्यालय भोपाल चंचल शेखरद्वारा की गई।नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि आज का दिन केवल एक औपचारिक दीक्षांत समारोह नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, परिश्रम एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प का गौरवपूर्ण उत्सव है। उन्होंने कहा कि आज से नव आरक्षक केवल पुलिस बल का हिस्सा नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, कानून की गरिमा एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रहरी बन गए हैं। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय का नाम मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक एवं सीमा सुरक्षा बल (BSF) के संस्थापक के.एफ. रुस्तमजी के नाम पर रखा गया है, जिनका मध्यप्रदेश पुलिस की व्यवस्थाओं, कल्याणकारी गतिविधियों एवं संस्थागत ढाँचे को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि रुस्तमजी जैसे महान अधिकारियों की विरासत से प्रेरणा लेकर नव आरक्षकों को सेवा, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए। श्री मकवाणा ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना, साहस एवं जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने नव आरक्षकों से कहा कि तिरंगे के समक्ष ली गई शपथ को वे अपने जीवन का सर्वोच्च आदर्श बनाएं तथा हर परिस्थिति में कानून, संविधान एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में नव आरक्षकों ने शारीरिक दक्षता के साथ-साथ आउटडोर ड्रिल, हथियार संचालन, फील्ड क्राफ्ट, कानून-व्यवस्था नियंत्रण, साइबर अपराध, आपदा प्रबंधन एवं आधुनिक पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न विषयों में दक्षता प्राप्त की है। चुनाव ड्यूटी एवं अन्य कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं में सहभागिता के माध्यम से उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ है।उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल शक्ति प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशील जनसेवा का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जब कोई पीड़ित व्यक्ति पुलिस के पास आए, तो उसे वर्दी में कठोरता नहीं बल्कि सुरक्षा, विश्वास, सहानुभूति एवं न्याय का भरोसा दिखाई देना चाहिए। समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति को भी यह विश्वास होना चाहिए कि पुलिस उसके साथ खड़ी है।

# भोपाल में दाऊदी बोहरा समाज ने मनाई बकरीद, मस्जिदों में अदा हुई विशेष नमाज



भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दाऊदी बोहरा समाज ने ईद-उल-अधा (बकरीद) का पवित्र पर्व मंगलवार को पूरे धार्मिक उत्साह, सादगी और अकीदत के साथ मनाया। इस अवसर पर सुबह से ही शहर की बोहरा मस्जिदों में विशेष रौनक और उल्लास देखने को मिला। समाजजनों ने विशेष नमाज अदा कर देश में अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी। मंगलवार सुबह से ही भोपाल के जुमेरती स्थित अलीगंज हैदरी मस्जिद सहित राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित बोहरा समाज की मस्जिदों में नमाजियों का तांता लगना शुरू हो गया था। समाज के पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे अपने पारंपरिक श्वेत परिधान लहंगा, साया और टोपी में सज-धजकर मस्जिदों में पहुंचे। मस्जिदों में धर्मगुरुओं द्वारा ईद का विशेष खुतबा (धार्मिक उपदेश) पढ़ा गया, जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से ईद-उल-अधा की विशेष नमाज़ अदा की। नमाज के दौरान समाज जनों ने बारगाह-ए-इलाही में सिर झुकाकर देश में अमन-चैन, खुशहाली, आपसी भाईचारे और चहुंमुखी तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगीं। नमाज के बाद मस्जिद परिसर और बाहर का नजारा बेहद सौहार्दपूर्ण रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और त्योहार की शुभकामनाएं दीं। बच्चों में ईद को लेकर भारी उत्साह देखा गया।दाऊदी बोहरा समाज के मीडिया समन्वयक इब्राहिम अली दाऊदी ने त्योहार के सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शहर के जिला प्रशासन, भोपाल पुलिस और नगर निगम अमले का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक मुस्तैदी और सहयोग के चलते समाज का यह महापर्व बेहद शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुचारू ढंग से संपन्न हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने समस्त भोपाल वासियों को ईद की दिली मुबारकबाद देते हुए समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे की जड़ों को और मजबूत करने का संदेश दिया। गौरतलब है कि दाऊदी बोहरा समाज में बकरीद का त्योहार अन्य मुस्लिम समुदायों के मुकाबले अमूमन एक दिन पहले मनाया जाता है।

# एमपीएसईडीसी द्वारा "यूएक्स4जी एडवांस्ड लेवल वर्कशॉप" हुई

**सरकारी डिजिटल सेवाओं को अधिक सरल, सुलभ और नागरिक-केंद्रित बनाने पर हुआ मंथन**



भोपाल मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा नागरिक-केंद्रित डिजिटल सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को एक दिवसीय 卐यूएक्स4जी एडवांस्ड लेवल वर्कशॉप卐 का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सरकार के प्रमुख डिजिटल पोर्टलों जैसे आरसीएमएस, संपदा और एमपी ई-सेवा पर नागरिकों को बेहतर डिजिटल अनुभव उपलब्ध कराना था।कार्यशाला में सरकारी डिजिटल सेवाओं को अधिक सरल, आधुनिक और सहज बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से पोर्टलों की उपयोगकर्ता पहुंच बढ़ाने और नागरिकों के अनुभव को बेहतर बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।कार्यशाला का संचालन नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन के सहयोग से किया गया। इस दौरान श्री अजीत विसेन, सुश्री सबा और श्री आकर्षण चौहान ने यूआई/यूएक्स ट्रांसफॉर्मेशन और सरकारी डिजिटल सेवाओं में नवाचार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा की।कार्यशाला में व्यावहारिक सत्रों और सामूहिक चर्चाओं के माध्यम से सरकारी पोर्टलों को अधिक नागरिक हितैषी बनाने के लिए सुझावों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें विभिन्न विभागों के 25 अधिकारियों एवं डिजाइनरों ने सहभागिता की।

# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कोलार क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़ने की बड़ी कार्रवाई

**51 किलोवॉट का अवैध लोड पकड़ा, उपभोक्ता ने जमा किए 7.52 लाख रूपये**

भोपाल,(निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कोलार रोड क्षेत्र के इनायतपुर गांव में विजिलेंस टीम के माध्यम से कार्रवाई कर बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी को पकड़ा है। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ता द्वारा कुल 7.52 लाख रूपये का जुर्माना जमा किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक शहर वृत्त प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि गत 22 मई 2026 को विजिलेंस टीम ने इनायतपुर (बैरागढ़ चिचली) निवासी उपभोक्ता इकबाल खान के परिसर का औचक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान परिसर में वैध सीमा से कहीं अधिक, कुल 51.17 किलोवॉट (K W) का भार अवैध रूप से संचालित पाया गया। टीम ने तुरंत बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कर उपभोक्ता पर लगभग 7.52 लाख रूपये की बिलिंग की गई। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी और अनधिकृत उपयोग के विरूद्ध कंपनी द्वारा निरंतर अभियान संचालित किया जाएगा। कंपनी समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह करती है कि वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। बिजली चोरी न केवल एक दंडनीय अपराध है, बल्कि इससे विद्युत वितरण प्रणाली पर अनावश्यक भार पड़ता है, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ ही कंपनी को राजस्व की हानि होती है। कंपनी ने कहा है कि अनधिकृत उपयोग अथवा बिजली चोरी पकड़े जाने पर न केवल भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि संबंधित के विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाही और जेल भेजने जैसे कड़े कदम भी उठाए जाएंगे। यदि उपभोक्ता अपने परिसर में गैर घरेलू (कमर्शियल) गतिविधि या उच्च क्षमता के उपकरण (जैसे कोल्ड स्टोरेज, ई-व्हीकल चार्जर) का उपयोग कर रहे हैं, तो नियमानुसार भार (Load) स्वीकृत कराएं तथा प्रयोजन के अनुसार कनेक्शन लें।





उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को मंदसौर के शिक्षकों ने स्थानांतरण नीति के संबन्ध में ज्ञापन दिया।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**जनसुनवाई में 181 आवेदन प्राप्त हुए कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के लिए कूलर एवं शीतल जल के लिए वाटर कूलर लगाए गए**




भोपाल, (निप्र)। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में एडीएम सुमित पांडे, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, एडीएम अंकुर मेश्राम, प्रकाश नायक एवं पीसी शाक्य ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 181 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी, एडीएम श्री पांडेय ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के लिए कूलर एवं शीतल जल के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं।

# भोपाल का पानी पूरी तरह सुरक्षित, आरओ की जरूरत नहीं : महापौर मालती राय

**फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के बाद दी क्लीन चिट, लैब में टेस्ट हुआ पानी एमआईसी मेंबर ने पिया**

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल शहर में पानी की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को महापौर मालती राय ने विधानसभा के सामने स्थित नगर निगम के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उनके साथ एमआईसी मेंबर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यती, निगम अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान बड़े तालाब से आने वाले पानी को शुद्ध करने की पूरी प्रक्रिया देखी गई।

महापौर ने प्लांट की लैब में पानी की जांच कराई और रिपोर्ट संतोषजनक मिलने के बाद कहा कि बड़े तालाब से सप्लाई होने वाला पानी पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन इलाकों में यह पानी पहुंच रहा है, वहां लोगों को R O लगाने की आवश्यकता नहीं है। महापौर मालती राय ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ने के कारण कई क्षेत्रों से कम प्रेशर की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ पूरे सिस्टम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि बड़े तालाब से आने वाले रॉ वाटर को वैज्ञानिक तरीके से फिल्टर कर सप्लाई किया जा रहा है। पानी की गुणवत्ता को लेकर जो शिकायतें थीं, उन्हें देखते हुए पूरा सिस्टम जांचा गया। निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट है कि लोगों को



शुद्ध पानी मिल रहा है।

## लैब में टेस्ट के बाद नेताओं ने पिया पानी

निरीक्षण के दौरान पानी का लैब टेस्ट कराया गया। टेस्ट में पानी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यती और अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने महापौर के सामने ही पानी पीकर उसकी शुद्धता पर भरोसा जताया।

## चार स्त्रोतों से होती है भोपाल में जलापूर्ति

भोपाल शहर में पानी की सप्लाई चार प्रमुख स्त्रोतों से की जाती है। शहर के अधिकांश हिस्सों में कोलार डैम का पानी पहुंचता है। वहीं, कोलार रोड क्षेत्र में केरवा डैम, लालघाटी और कोहेफिजा क्षेत्रों में बड़े तालाब का पानी सप्लाई किया जाता है। इसके अलावा नर्मदा परियोजना से भी होशंगाबाद रोड और आसपास की कॉलोनियों में जलापूर्ति की जाती है।

# ईद के चलते एमसीयू की 28 मई की परीक्षाएं स्थगित, अब 7 जून को होंगी, पुराने एडमिट कार्ड रहेंगे मान्य

भोपाल, (ए.)। ईदुज्जुहा (बकरीद) के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को देखते हुए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने 28 मई 2026 को आयोजित होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब ये परीक्षाएं 7 जून 2026, रविवार को आयोजित की जाएंगी।यह निर्णय विश्वविद्यालय परिसर सहित प्रदेशभर के उन सभी परीक्षा केंद्रों पर लागू होगा, जहां एमसीयू की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि छात्रों को नए प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। परीक्षार्थी पूर्व में जारी एडमिट कार्ड के आधार पर ही परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों और संबद्ध अध्ययन संस्थानों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रम से बचने के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी संशोधित परीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन अवश्य करें।इधर, पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आयोजित होने वाले साक्षात्कार कार्यक्रम में भी आंशिक संशोधन किया गया है। पहले 28 और 29 मई को प्रस्तावित इंटरव्यू अब 29 और 30 मई को होंगे। 29 मई के साक्षात्कार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित किए जाएंगे, जबकि 28 मई को निर्धारित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू अब 30 मई को लिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के इस फैसले से हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जिन्हें सार्वजनिक अवकाश के कारण परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल होने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता था।

# महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बनेगा "रिसोर्स पूल" : मंत्री भूरिया

**महिला वित्त एवं विकास निगम की 80वीं संचालक मंडल की बैठक में हुए बड़े फैसले**

भोपाल,(निप्र)। महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए महिला वित्त एवं विकास निगम को नई कार्य संस्कृति और परिणामोन्मुखी भूमिका में लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मध्य प्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम की 80वीं संचालक मंडल समिति की बैठक हुई। बैठक में



जिसमें निगम की कार्यप्रणाली, लंबित प्रस्तावों, महिला रोजगार, कौशल विकास और संस्थागत सुधारों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में मंत्री भूरिया ने स्पष्ट कहा कि महिला-बाल विकास विभाग का मूल उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि महिलाओं का वास्तविक आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण है। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला वित्त एवं विकास निगम को प्रदेश की महिला वर्क-फोर्स तैयार करने वाली प्रमुख संस्था के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए निगम एक व्यापक ऑनलाइन पोर्टल तैयार करेगा, जिसमें महिलाओं की कौशल दक्षता का परीक्षण कर उन्हें कुशल, अर्द्ध-कुशल और अकुशल श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा। मंत्री भूरिया ने कहा कि अकुशल एवं अर्द्ध-कुशल महिलाओं को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर विभिन्न विभागों, उद्योगों और संस्थानों की मांग के अनुरूप रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निगम महिला श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का रिसोर्स पूल विकसित करे, जिससे प्रदेश के विभागों और संस्थाओं को आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षित महिला वर्क-फोर्स उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि महिला वित्त एवं विकास निगम अब केवल वित्तीय गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कौशल विकास, बाज़ार संपर्क, तकनीकी प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। मंत्री भूरिया ने अन्य राज्यों में महिला वित्त विकास निगमों की कार्यपद्धति का अध्ययन कर बेहतर मॉडल अपनाने के निर्देश दिए।

# बोहरा समाज ने मनाई ईद उल अजहा

## मुस्लिम धर्मवलंबी गुरुवार को मनाएंगे बकरा ईद



बुरहानपुर (ए.)। दाऊदी बोहरा समाज द्वारा मंगलवार को बकरा ईद ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। शहर की सभी दाऊदी बोहरा मस्जिदों में समाजजनों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद उल अज़्हा की नमाज अदा की। पर्व को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा मस्जिदों में पहुंचे और ईद उल अजहा की नवाज़ अदा की दाऊदी बोहरा समाज के पीआरओ कमेटी को ऑर्डिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली की सदारत में ईद उल अज़्हा का पर्व मनाया गया। शहर की प्रमुख नजमी मस्जिद में सुबह फजर की नमाज अदा की गई, जिसके बाद ईद उल-अजहा का विशेष खुतबा पढ़ा गया। सुबह करीब 6 बजे शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली ने ईद का खुतबा पढ़ाते हुए समाजजनों को कुर्बानी, भाईचारे, त्याग और इंसानियत का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि नमाज में समाज के बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। नमाज के दौरान देश और दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मस्जिदों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए थे।

नमाज के बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी बच्चों में ईद को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। कई परिवारों में पारंपरिक व्यंजन बनाए गए और रिश्तेदारों व परिचितों के यहां जाकर लोगों ने त्योहार की खुशियां मनाईं।

दाऊदी बोहरा समाज हमेशा से सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता आया है। ईद का पर्व भी आपसी प्रेम, त्याग और इंसानियत की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। पूरे दिन समाज में उत्सव और खुशी का माहौल देखा गया!

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने रात डेढ़ बजे सिविल अस्पताल हजीरा का किया निरीक्षण

ग्वालियर (ए.)। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार की मध्य रात्रि लगभग 1.30 बजे ग्वालियर के सिविल हॉस्पिटल हजीरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उपचार



संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता एवं रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ऊर्जा मंत्री ने सोमवार की मध्य रात्रि 12:45 बजे बहोड़ापुर स्थित कुशवाह मोहल्ला पहुंचकर सीवर सफाई अभियान के अंतर्गत चल रहे सीवर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने संत कृपाल आश्रम से कोटेश्वर रोड तक चल रहे नाला सफाई कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने बरसात के मौसम से पहले जल निकासी व्यवस्था को बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने के लिए अधिकारियों को सफाई कार्य में गति लाने तथा आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सोमवार रात्रि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में विनय नगर में 'जन चौपाल' लगाकर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया।

## आज दिनांक 25 में को नौगांव गंगा माता मंदिर में श्री गंगा अवतरण की कथा प्रारंभ हुई



धार (ए.)। कथावाचक श्री दीपक जी महाराज जी यजुर्वेद के द्वारा की गई इस आयोजन में माता बहनों ने गंगा माता अवतरण,,और भागीरथ जी महाराज की तपस्या की कथा को ,,,,प्रेमपूर्वक श्रवण किया,,, कथा वाचक श्री दीपक जी महाराज ने बताया के राजा भगीरथ की तीसरी पीढ़ी में तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा भगवान शिव की जटा में समाहित हुई,,,, तत्पश्चात् भगवान शिव ने जन कल्याण लोक कल्याण के निमित्त गंगा जी की एक धारा को पृथ्वी पर छोड़ा,,,,और जिस दिन गंगा माता धरती पर अवतरित हुई थी उसे दिन को हम लोग सनातन धर्मी गंगा अवतरणदिवस ,,,अर्थात गंगा दशमी के रूप में मनाते हैं आज हम सभी को मां गंगा की स्वच्छता के लिए संकल्प लेना चाहिए ,,,और गंगा माता की कृपा से सनातन धर्म में अटूट श्रद्धा और विश्वास रखते हुए जनमानस में प्रेम का संदेश पहुंचाना चाहिए,,,,, जब गंगा मां धरती पर आने वाली थी तब उन्होंने राजा भगीरथ से कहा कि लोग मुझ में अपना पाप धोएंगे किंतु मैं इस पाप को कहां पर उतारूंगी ,,,,तब राजा भागीरथ जी महाराज ने कहा कि जब संत समाज आपकी धारा में स्नान करने के लिए उतरेगा तो उनके पुण्य प्रताप से आप भी पाप मुक्त हो जाओगी,,,, गंगा माता का जन मानस में आज भी अटूट प्रेम और विश्वास है,,,और जिस व्यक्ति को मरण काल में गंगाजल का पान कराया जाता है, वह मनुष्य भी सारे पापों को नष्ट करके तत्क्षण मोक्ष को प्राप्त होता है ,,,मां गंगा का विवाह राजा शांतनु से किया गया ,,और मां गंगा के पुत्र राजा भीष्म की भीष्म प्रतिज्ञा भी तीनों लोकों में विख्यात है ,,इस प्रकार से मां गंगा अपने भक्तों को मुक्ति और भक्ति प्रदान करती है,,,,,मां गंगा सबका कल्याण करे,,,, हर हर गंगे

## भावी पीढ़ियों को बचाना है तो जल बचाएं- सीईओ सूत्रकार डुमघना में जन सहयोग से तालाब गहरीकरण कार्य शुरू

शिवपुरी (ए.)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गतदिवस गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत डुमघना के जौरा पर तालाब निर्माण व गहरीकरण कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करैरा हेमंत सूत्रकार भी उपस्थित रहे और उनके साथ सहायक यंत्री मनोज सैनी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अखिल उपाध्याय, उपयंत्री नरोत्तम भिलवारे, कंप्यूटर ऑपरेटर असफाक खान, सरपंच भीकम दीपा परिहार, सचिव प्रीतम सिंह बघेल तथा ग्राम रोजगार सहायक मनीराम जाटव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमूह मौजूद रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं कलश पूजन के साथ हुआ, जिसके तत्पश्चात जन सहयोग से प्राप्त एक जेसीबी मशीन एवं चार ट्रैक्टरों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर तालाब गहरीकरण के पुनीत कार्य का शंखनाद किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की सामूहिक शपथ दिलाते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार ने अत्यंत प्रेरणादायी संदेश दिया कि हम सभी को पानी बचाने का प्रयास पूरी निष्ठा से इसलिए करना चाहिए क्योंकि जब तक पानी है तभी तक इस धरती पर हमारा जीवन संभव है, इसलिए हमें हर समय और हर पल जल के वास्तविक महत्व को समझना होगा और इसे बचाने का भरपूर प्रयास करना होगा ताकि हमारी आने वाली भावी पीढ़ियों को जल संकट के कारण किसी भी तरह का संघर्ष न करना पड़े।

## जबलपुरः बकरीद से पूर्व गोवंश तस्करी एवं गोहत्या पर पूर्ण अंकुश लगाने की मांग

जबलपुर, (ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में विश्व हिन्दू परिषद के गोरक्षा विभाग द्वारा आगामी बकरीद पर्व से पूर्व गोवंश तस्करी और गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को घंटाघर चौक पर



प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र आहके को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देशभर में गोवंश तस्करी और अवैध गोहत्या की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। संगठन का आरोप है कि कई राज्यों में कठोर कानून होने के बावजूद पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता के कारण तस्कर खुलेआम सक्रिय हैं, जिससे गोरक्षकों को स्वयं सड़कों पर उतरकर गोवंश की रक्षा करनी पड़ रही है। गोरक्षा विभाग ने मांग की कि सभी राज्य सरकारें और स्थानीय प्रशासन गोवंश तस्करी एवं अवैध गोहत्या में संलिप्त लोगों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही बकरीद के दौरान कुछ राज्यों में गोवंश परिवहन नियमों में दी जाने वाली कथित अवैध छूट पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई। संगठन ने मुस्लिम समाज के विद्वानों और धार्मिक नेतृत्व से भी सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। विहिप गोरक्षा विभाग ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की, तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## कलेक्टर श्री वानखड़े ने जन सुनवाई के दौरान सुनी 128 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

दतिया ( ए. ) । नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 128 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई के दौरान ग्राम जिगना के ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने संबंधी आवेदन दिया। कलेकअर द्वारा आवेदन पर गंभीतरा से कार्यवाही करते हुए तहसीलदार बड़ौनी को कार्यवाही कर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम भिल्ला पंचायत रावरी के ग्रामवासियों द्वारा आम रास्ता पर जो ग्राम से से दाउ बाबा स्थान तक रोड़ बनवाये जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर द्वारा आवेदन पत्र



सुवाई करते हुए सीईओ जनपद पंचायत दतिया को आवश्यक कार्यवाही कर आवेदन के निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जन सुनवाई के दौरान रास्ता अवरूद्ध करने, नाली के पानी की निकासी, वृद्धवस्था पेंशन, सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, सड़क निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, खाद्यान वितरण, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके निराकरण हेतु कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कुछ आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल, अपर कलेक्टर महेन्द्र सिंह कवचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती श्रुति अग्रवाल सहित सभी जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# व्यापार समाचार

## वॉट्एसेप का बड़ा अपडेट, अब बिना फोन नंबर शेयर किए कर सकेंगे चैटिंग, प्राइवेसी की नहीं होगी कोई टेंशन

नई दिल्ली (आरएनएस)। वॉट्सऐप पर अब तक किसी से भी बातचीत करने के लिए मोबाइल नंबर शेयर करना बेहद जरूरी होता था, लेकिन अब कंपनी अपने यूजर्स को एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। बहुत जल्द वॉट्सऐप पर एक ऐसा फीचर आने वाला है, जिससे आप बिना अपना नंबर किसी को दिए आराम से चैटिंग कर सकेंगे। अभी तक यह सुविधा मुख्य रूप से इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर ही उपलब्ध थी, जहां लोग अपनी पहचान छिपाकर बातें कर सकते थे। लेकिन अब मेटा के स्वामित्व वाला वॉट्सऐप भी अपने करोड़ों यूजर्स की प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए इस नए 'यूजरनेम' (sername) फीचर पर तेजी से काम कर रहा है।

**कैसे काम करेगा वॉट्सऐप का नया फीचर ?**

इस नए अपडेट के बाद, वॉट्सऐप यूजर्स इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की तरह ही अपना एक खास और अनोखा यूजरनेम बना सकेंगे। इस फीचर के आने से उन लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा जो अपनी निजता (प्राइवेसी) को लेकर हमेशा सतर्क रहते हैं। अक्सर लोग ऑनलाइन ग्रुप्स, बिजनेस डील्स या नए अनजान लोगों से अपना पर्सनल नंबर साझा करने से कतराते हैं। ऐसे में यह यूजरनेम फीचर उनके लिए एक सुरक्षित ढाल का काम करेगा। आप किसी को भी सिर्फ अपना यूजरनेम दे सकेंगे और चैटिंग के दौरान सामने वाले व्यक्ति को आपका फोन नंबर दिखाई ही नहीं देगा, जिससे आपकी असली पहचान पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।

**फर्जी अकाउंट्स और धोखाधड़ी पर लगेगी लगाम**

हर नए फीचर के साथ कुछ चुनौतियां भी आती हैं, जैसे फर्जी प्रोफाइल बनाकर किसी को धोखा देना या किसी और की पहचान का इस्तेमाल करना। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक, वॉट्सऐप इस खतरे से निपटने के लिए सख्त नियम भी तैयार कर रहा है। हर यूजर का यूजरनेम एक-दूसरे से बिल्कुल अलग होगा और कुछ विशेष शब्दों या फॉर्मेट के इस्तेमाल पर कंपनी की तरफ से रोक भी लगाई जा सकती है, ताकि धोखाधड़ी को जड़ से खत्म किया जा सके। इसके अलावा, यदि कोई यूजर अपना यूजरनेम बदलता है, तो इसकी सूचना भी सामने वाले व्यक्ति को मिल जाएगी।

## महंगाई की मार : पेट्रोल-डीजल के बाद अब CNG के बढ़े दाम, इतने रुपये हुई महंगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। मध्य-पूर्व में जारी संकट के बीच, महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। पेट्रोल-डीजल के बाद अब सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) के दाम भी बढ़ गए हैं। दिल्ली में मंगलवार से सीएनजी 2 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है। अब राजधानी में सीएनजी 81.09 रुपए की बजाय 83.09 रुपए प्रति किलो मिलेगी। पिछले 11 दिनों में सीएनजी के दाम में कुल 6 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। 15 मई को 2 रुपए, 18 मई को 1 रुपए, 23 मई को 1 रुपए और आज यानी 26 मई को 2 रुपए प्रति किलो सीएनजी के दाम बढ़ाए गए हैं।

इससे पहले सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है, जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ है। कीमतों में बढ़ोतरी से पहले दिल्ली में पेट्रोल 99.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपए प्रति लीटर बिक रहा था। लेकिन अब राजधानी में पेट्रोल 102.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है।

ईंधन की कीमतों में इस बढ़ोतरी का असर केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य शहरों में भी देखा जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में हुए लगातार संशोधनों के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी के दाम बढ़कर 88.70 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच चुके हैं।

## कीमतें अकल्पनीय स्तर पर पहुंचीं', वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया तीन 'एफएस' पर ध्यान देने का मंत्र

नई दिल्ली(आरएनएस)। वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और बढ़ते आर्थिक संकट के बीच भारत की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बढ़ती कीमतों को लेकर बड़ी चिंता जताई है। वित्त मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण चीजों के दाम 'अकल्पनीय स्तर' पर पहुंच गए हैं।

इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए उन्होंने देश को तीन ÒFs' यानी फ्यूल (ईंधन), फर्टिलाइजर (उर्वरक) और फॉरेन एक्सचेंज (विदेशी मुद्रा भंडार) पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है।

**अमेरिका-ईरान तनाव के कारण भारत को बरतनी होगी अत्यधिक सतर्कता**

वित्त मंत्री ने रेखांकित किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते हालिया संघर्ष का सीधा और गहरा असर वैश्विक बाजार पर पड़ रहा है। इस भू-राजनीतिक (Geopolitical) संकट के चलते भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए बेहद सावधान रहना होगा।



उन्होंने कहा कि भारत सरकार को आने वाले दिनों में ईंधन, खाद और विदेशी मुद्रा के प्रवाह पर बहुत ही बारीकी और कड़ाई से नजर रखनी होगी, ताकि देश की आर्थिक स्थिरता प्रभावित न हो।

**रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचीं खाद की कीमतें**

वैश्विक बाजार में आ रही रुकावटों और लगातार बढ़ती लागत का सबसे बड़ा नुकसान कृषि क्षेत्र से जुड़ी सामग्रियों को उठाना पड़ रहा है। वित्त मंत्री के मुताबिक, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) में आई बाधाओं की वजह से फर्टिलाइजर (उर्वरक) की कीमतें अब तक के सबसे अभूतपूर्व और रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी हैं, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है।

**महज 11 दिनों में 7.38 प्रति लीटर महंगा हुआ पेट्रोल**

ईंधन की आसमान छूती कीमतों पर बात करते हुए वित्त मंत्री ने कुछ चौंकाने वाले आंकड़े भी साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रमुख समुद्री आपूर्ति मार्गों (सप्लाई रूट्स) में आ रही दिक्कतों और व्यवधान के कारण ईंधन के दामों में भारी तेजी आई है। हालात इतने गंभीर हैं कि महज 11 दिनों के भीतर ही देश में पेट्रोल की कीमतों में 7.38 प्रति लीटर की भारी-भरकम बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है। सरकार इन सभी विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति तैयार कर रही है।

## घरेलू वायदा बाजार में सोना-चांदी लुढ़के, अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी

**- सोना 1,58,550 रुपये और चांदी 2,73,500 रुपये के करीब**

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की चमक फीकी पड़ी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों ही कीमती धातुओं के भाव गिरावट के साथ खुले




और खबर लिखे जाने तक नरमी जारी रही। घरेलू बाजार में जहां सोना 1,58,550 रुपये और चांदी 2,73,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर सोने और चांदी में तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। एमसीएक्स पर सोने का जून कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार को 292 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,789 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,59,081 रुपये था। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 499 रुपये गिरकर 1,58,582 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में इसने 1,58,789 रुपये का उच्च और 1,58,534 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि इस साल सोने ने 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर देखा है। इसी तरह चांदी का जुलाई कॉन्ट्रैक्ट भी सुस्ती के साथ खुला। यह एमसीएक्स पर 1,989 रुपये की गिरावट के साथ 2,74,727 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 2,76,716 रुपये था। खबर लिखे जाने तक चांदी 3,210 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 2,73,506 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। दिन के दौरान इसने 2,74,727 रुपये का उच्चतम और 2,72,985 रुपये का न्यूनतम स्तर छुआ। चांदी ने इस साल 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम का सर्वोच्च स्तर हासिल किया था। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर सोने और चांदी के वायदा भाव में मजबूती देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोना आज 4,532 डॉलर प्रति औंस पर खुला और खबर लिखे जाने तक 16.10 डॉलर की तेजी के साथ 4,539.30 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इसका पिछला बंद भाव 4,523.20 डॉलर था।

## रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 45 अंक नीचे आकर 95.71 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 17 पैसे फिसलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.43 पर आ गया। महीने के अंत में डॉलर की मांग बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से 17 पैसे कमजोर है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबारियों के अनुसार उस दिन आरबीआई की डॉलर बिक्री से रुपये को ऊपरी स्तरों पर समर्थन मिला।

## वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने से शेयर बाजार में हरियाली, निवेशकों ने कमाए 6 लाख करोड़

मुंबई (ए.)। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने से भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,073.61 अंक या 1.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76,488.96 और निफ्टी 312.40 अंक या 1.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,031.70 पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। इसे बैंकिंग शेयरों ने लीड किया। निफ्टी बैंक 2.29 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 2.90 प्रतिशत और निफ्टी प्राइवेट बैंक में 2.09 प्रतिशत की मजबूती देखी गई। इसके अलावा निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 2.24 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो 2.71 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी, 1.50 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस 1.34 प्रतिशत और निफ्टी एनर्जी में 0.85 प्रतिशत की मजबूती देखी गई। सूचकांकों में केवल निफ्टी एफएमसीजी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मजबूती देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 577.30 अंक या 0.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ 61,966.60 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 246.50 अंक या 1.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,202.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी और एशियन पेंट्स गेनर्स थे। इन्फोसिस, टीसीएस, सन फार्मा और एचयूएल लूजर्स थे।बाजार में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर स्थिरता लौटने के संकेत मिलना है। अमेरिका-ईरान के बीच शांति के लिए लगातार बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर आज बड़ी खबर आ सकती है। वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कह चुके हैं कि दोनों देश के बीच बातचीत अब अंतिम चरण में है।इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती भी बाजार में तेजी की वजह है। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा में सत्र में करीब 0.50 प्रतिशत की तेजी देखी गई और सत्र में यह करीब 1.35 प्रतिशत की मजबूती आ चुकी है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## विजय के उदय की पृष्ठभूमि

टीवीके के संस्थापक विजय खुद को पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं।तमिलनाडु में 59 साल बाद ऐसा हुआ है, जब वहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम या अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अलावा कोई पार्टी कोई सत्ता की दावेदार बनी है। 1967 में पहली बार डीएमके सत्ता में आई। 1972 में एमजी रामचंद्रन ने इससे अलग होकर एडीएमके का गठन किया। 1967 से 2021 तक डीएमके ने सात बार और एडीएमके ने पांच बार सरकार बनाई। मगर 2026 में ये सिलसिला टूटने जा रहा है। चंद्रशेखर जोसेफ विजय पहले ही दांव में अपनी पार्टी टीवीके– तमिल वेट्री कड़गम (तमिल विजय संघ)– को सबसे बड़ा दल बनवाने में सफल रहे हैं।फिल्म अभिनेता के रूप में सफल करियर के बाद राजनीति में आए 51 वर्षीय विजय ने 2024 में टीवीके का गठन किया। वे खुद को ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। जयललिता की मृत्यु के बाद एडीएमके के पास वैसे भी कोई लोकलुभावन चेहरा नहीं बचा है। इसके बावजूद इस चुनाव में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है, तो यह संभवत: राज्य में मौजूद एंटी इन्कबेंसी (डीएमके सरकार से असंतोष) का परिणाम है। लंबे समय से परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों के दाग डीएमके की छवि पर रहे हैं।मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुजरे पांच साल में अपनी राजनीति को हिंदुत्व और हिंदी विरोध पर केंद्रित रखा। मगर जन आंकाक्षाओं के मोर्चे पर वे खरे नहीं उतरे। इससे विजय के उदय की पृष्ठभूमि बनी। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने नए चेहरे पर दांव लगाने का मन बनाया। वैसे नीति या कार्यक्रम के मामले में विजय ने भी कुछ नया पेश नहीं किया है। उनका चुनाव घोषणापत्र भी प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण, दुल्हनों को आठ ग्राम सोना जड़ित सिल्क साड़ी देने, 200 यूनिट फ्री बिजली, किसानों की पांच लाख रुपये तक की कर्ज माफी और तमिलनाडु को 2023 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जैसे बड़बोले वादों से भरा-पड़ा है। यानी तमिलनाडु में नए चेहरे की सदारत में भी लोकलुभावन– यानी वोट खरीदी– की पुरानी सियासत जारी रहेगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026ः दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना

**प्रताव राव जाधव**



आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नज़र आती है– वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे-समझे किया जाने वाला उपभोग।

प्राकृतिक संसाधनों के ज़रुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक ज़िम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म-नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें।

सोच समझकर वस्तुओं का उपभोग करने का आह्वान

अत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने मिशन लाइफ़स्टाइल फ़ॉर एनवायरनमेंट के ज़रिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। सीओपी26 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा है: आज ज़रूरत है सचेत और सोच-समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे-समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की।

हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक ज़िम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-ज़रूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलाया: हर छोटा-बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है।

ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन अपरिग्रह – यानी अनावश्यक चीज़ों को जमा करने से बचना और संतोष यानी अपनी असली ज़रूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं, जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमें निष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का ज़िम्मेदार रखवाला बनाता है।

पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक साधन के रूप में योग

पृथ्वी पर इंसानी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तो काफ़ी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं।

योग का अभ्यास धीरे-धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचैनी को शांत करता है, जल्दबाज़ी वाली आदतों को कम करता है और आत्म-अनुशासन को मज़बूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी ज़रूरत हमें अपनी असली ज़रूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फ़र्क समझने के लिए होती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हूँ कि योग किस तरह गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतों और अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए ज़रुरी है।

इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढाँचा भी है।

भारत का वैश्विक योग नेतृत्व

आज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है।

हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है।योग के ज़रिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर-बाध्यकारी और समावेशी ढाँचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूँकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है। योग की सामूहिक भावना के ज़रिए, स्थिरता, संयम और सचेत जीवन-शैली के संदेश अधिक दूर तक पहुँच सकते हैं और लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ सकते हैं।

# मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार और नितिन नवीन की कार्यकारणी इसी पखवाड़े में , सुनील बंसल होगें संगठन महा सचिव

**अजय दीक्षित**

लुटियंस पर पकड़ रखने वाले सूत्र ने बताया है कि मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार इसी हफ्ते दस दिन में हो सकता है, सूत्रों की माने तो कम से कम आठ मंत्री हटाए जा सकते हैं जिसमें सबसे बड़े नाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पेट्रोलियम मंत्री हरदेव पूरी शामिल है। जिन चेहरों को जगह मिल सकती है उनमें कर्नाटक से सूर्या, हिमाचल से अनुराग ठाकुर, पंजाब से राघव चड्ढा और क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह शामिल हैं। यह विस्तार उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल, कर्नाटक, गोवा, विधानसभा चुनाव को लेकर किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश से जगदंबिका पॉल, बिहार से वकील साहब रविशंकर प्रसाद और राजीव प्रताप रूडी, शामिल है। उत्तर प्रदेश से कानपुर के संसद रमेश अवस्थी , देवरिया से संसद प्रेम मणि त्रिपाठी को शामिल किया जा सकता है वही एल मुरुगन, भूपति राजू को मंत्रिमंडल से हटाकर संगठन में भेजा जा सकता है। नितिन नवीन की कार्यकारणी में 08 महासचिव,08 उपाध्यक्ष, एक एक राज्यों से होगें, सांसद, विधायक को संगठन के पद नहीं मिल सकेंगे।

मोदी मंत्रिमंडल का 2024 के बाद पहला विस्तार है । एनडीए के सहयोगियों को भी जगह मिल सकती है बिहार से संजय कुमार झा, मंत्री परिषद में आ सकते हैं।

नितिन नवीन की कार्यकारणी भी इसी 10 में जाएगी क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह यानी महासचिव दत्तात्रेय होसबोल जी से भी संगठन मंत्रियों को लेकर चर्चा हुई है। नितिन नवीन की कार्यकारणी में पचास वर्ष तक के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलेगा क्योंकि राष्ट्रीय



अध्यक्ष नितिन नवीन 46 वर्ष के है । समझा जाता है कि राष्ट्रीय महासचिव संगठन बी एल संतोष अवकाश ग्रहण करेंगे उनके स्थान पर पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव में महती भूमिका निभा चुके महासचिव सुनील बंसल अब संगठन महा सचिव होंगे,क्षेत्रीय प्रचारक शिवप्रकाश,अजय जंबाल संघ में बापिस जायेंगे।

सबसे उलझा हुआ काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आए वरिष्ठ प्रचारकों को समावेश करना है।यह कार्य दत्तात्रेय होसबोल को करना है।सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रांत प्रचारक स्तर के और केंद्र शासित प्रदेशों में विभाग प्रचारक स्तर को संघ ने तय किया। केंद्रीय कार्यालय प्रमुख महासचिव अरुण सिंह के स्थान पर सौदान सिंह, और गणेश मिश्रा के किसी राज्य के संगठन महा मंत्री पद की आने की संभावना। गणेश मिश्रा अभी बंगाल में क्षेत्रीय प्रचारक हो कर मजदूर संघ के काम को देख रहे हैं।

संघ की ओर से भारतीय जनता पार्टी या किसी अन्य संगठन में समन्वय का काम अखिल भारतीय स्तर पर सदस्य अरुण जैन, और सुरेश सोनी को तय करना है।

केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में नए राज्य महासचिव संगठन तैनात किये जायेंगे जो इन्हीं राज्यों के होंगे। हिंदी भाषी राज्यों में नितिन नवीन संघ से क्षेत्रीय प्रचारक स्तर के लोग मांगे हैं। दत्तात्रेय होसबोल जी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत जी से सैद्धांतिक सहमति ली है।मोदी मंत्रिमंडल में सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों,जातियों,उपजातियों, अनुसूचित जाति, जनजाति,वर्गों, भाषाई आधार, समावेश किया जाएगा।

लेकिन प्राथमिकता तोर पर युवाओं को मौका दिया जाने के संकेत है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, पश्चिमी बंगाल के मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी, योगी आदित्यनाथ, हेमंत विश्व शर्मा, मोहन यादव, नायब सिंह सैनी,में से दो को भाजपा की सर्वोच्च संस्था केंद्रीय पार्लियामेंट बोर्ड में सदस्य बनाया जा सकता है।अभी ये लोग मुख्यमंत्री के नाते बोर्ड के सदस्य थे। कुछ मंत्रियों के विभाग भी बदले जा सकते हैं। जिनमें भूपेंद्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह, शामिल हैं। राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मू के कार्यकाल समाप्ति के बाद नए चुनाव के उम्मीदवार भी दिल्ली के सत्ता गलियारों में घूमने लगा है। सूत्रों ने जिन नामों की चर्चा की है उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का नाम भी है। भारतीय जनता पार्टी में निर्णय लेने की एक प्रक्रिया है। यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर संघ तक जाता है।

## (चिंतन-मनन) धर्म का आदर

स्वामी श्रद्धानंद महर्षि दयानंद के योग्य शिष्य थे। उन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए देश के कई हिस्सों में गुरुकुल कांगड़ी और अन्य संस्थाओं की स्थापना की थी। एक बार रुड़की चर्च के पादरी फादर विलियम ने स्वामी जी से पत्र लिखकर कहा- स्वामी जी, मुझे लगता है कि अगर मैं हिंदी सीख लूं तो शायद भारत में मैं अपने धर्म का प्रचार बेहतर ढंग से कर पाऊंगा। क्या इसके लिए आप मुझे अपने गुरुकुल में प्रवेश दे सकते हैं? मैं वादा करता हूं कि अपने अध्ययन के दौरान मैं ईसाई धर्म की चर्चा नहीं करूंगा और उसके प्रचार की कोई कोशिश नहीं करूंगा।

स्वामी जी ने पत्र के जवाब में लिखा- फादर, गुरुकुल कांगड़ी में आपका खुले दिल से स्वागत है। आप यहां अतिथि बनकर हमारी सेवाएं ले सकते हैं। मगर आपको एक वचन देना होगा। जब तक आप यहां रहेंगे तब तक आप अपने धर्म का खुलकर प्रचार-प्रसार करेंगे ताकि हमारे छात्र भी ईसा मसीह के उपदेशों को समझ सकें और उन्हें ग्रहण कर सकें। मैं चाहता हूं कि हमारे छात्र धर्मों का आदर करना सीखें। धर्म प्रेम सिखाता है बैर नहीं। हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह अपने अलावा दूसरे धर्मों को भी जाने। अधिक से अधिक धर्मों के विषय में जानकर हम एक अच्छे इंसान बन सकते हैं।

स्वामी जी का यह जवाब पढ़कर फादर अभिभूत हो गए। वे जब तक गुरुकुल में रहे, छात्रों को ईसाई धर्म के बारे में बताते रहे। यहां रहकर भारतीयों को लेकर उनकी कई धारणाएं बदल गईं। वे जीवन भर गुरुकुल के लिए कार्य करते रहे।




मेष राशि: आज आपका दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको महत्वपूर्ण काम मिल सकता है जिससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। ऑफिस में आज कार्यभार अधिक हो सकता है। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिये किसी संस्था से सहयोग मिलेगा।

वृष राशि: आज के दिन आपके लिए इनोवटिव होने वाला है। आज आपकी कार्यप्रणाली में नवाचार देखने को मिलेगा। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे।

मिथुन राशि: आज आपके जीवन में नयी-नयी खुशियां आयेंगी और आपका दिन शुभ कार्यों में बीतेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। धार्मिक स्थानों पर आना जाना लगा रहेगा साथ ही धार्मिक अनुष्ठान करवाने का विचार करेंगे। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता वाला रहेगा। आज आपको अपने पेरेंट्स का सही मूड समझकर उनसे अपनी जरूरी बातें अवश्य शेयर करें। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला अनुभव लेकर आएगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब के लिए बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी बड़े राजनेता का सानिध्य मिलेगा साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं। छात्रों के लिये दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। छात्र आज अपनी पढ़ाई को लेकर बहुत ही उत्साहित रहेंगे। गरम हवाओं से सावधान रहें और सीजनल फलों का सेवन अवश्य करें।

तुला राशि: आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिये काफी दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है।

वृश्चिक राशि: आज का आपके लिए सामान्य रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का नया रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिये आज सर्टिफिकेट भी मिल सकता है।

मकर राशि: आज आपका दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होगा। यदि आज आप बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरुरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। काफी दिनों से पेंडिंग महत्वपूर्ण सरकारी काम आज किसी राजनीतिक हस्ती के सहयोग पूरा हो जाएगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। किस बड़ी विदेशी कंपनी से नौकरी के लिये आपको अच्छा ऑफर मिल सकता है।

# विश्व के नेताओं को क्यों समझ नहीं आती शांति की भाषा।

**संजीव ठाकुर**

मानव सभ्यता ने विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, किंतु विडंबना यह है कि इसी सभ्यता का नेतृत्व करने वाले अनेक विश्व नेता आज भी युद्ध, हथियारों की होड़ और शक्ति प्रदर्शन की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए हैं। आधुनिक विश्व का सबसे बड़ा संकट केवल आर्थिक असमानता या पर्यावरणीय विनाश नहीं, बल्कि वह मानसिक अस्थिरता और वैचारिक भ्रम है जिसने वैश्विक नेतृत्व को असंवेदनहीन बना दिया है। शांति की भाषा आज उन्हें कमजोरों की भाषा प्रतीत होती है, जबकि इतिहास गवाह है कि स्थायी विकास केवल शांति और सहअस्तित्व से ही संभव हुआ है।

आज दुनिया के कई शक्तिशाली राष्ट्र युद्ध की आग में झुलस रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य-पूर्व में इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष, चीन-ताइवान तनाव, उत्तर कोरिया की परमाणु धमकियाँ और आतंकवाद की बढ़ती घटनाएँ यह प्रमाणित करती हैं कि विश्व नेतृत्व संवाद के स्थान पर टकराव को प्राथमिकता दे रहा है। ऐसा प्रतीत होता है मानो मानवता की करुणा पर सत्ता की महत्वाकांक्षा भारी पड़ गई हो।

महात्मा गांधी ने कहा था

आँख के बदले आँख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।

गांधीजी का यह कथन आज पहले से अधिक प्रासंगिक दिखाई देता है। विश्व के बड़े नेता प्रतिशोध और प्रभुत्व की राजनीति में इतने उलझ चुके हैं कि उन्हें युद्ध के पीछे रोती मानवता दिखाई नहीं देती। लाखों निर्दोष नागरिक विस्थापित हो रहे हैं, बच्चे अनाथ हो रहे हैं,अर्थव्यवस्थाएँ बिखर रही हैं, किंतु हथियार उद्योग और सामरिक राजनीति लगातार फल-फूल रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान ने कहा था हमें युद्ध को मानवता के भविष्य से बाहर करना होगा। दुर्भाग्य यह है कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएँ भी आज महाशक्तियों के राजनीतिक दबाव से पूर्णत: स्वतंत्र नहीं रह पाई हैं। वीटो शक्ति रखने वाले देश अक्सर अपने हितों के अनुसार वैश्विक निर्णयों को प्रभावित करते हैं। परिणामस्वरूप शांति वार्ताएँ केवल औपचारिकता बनकर रह जाती हैं।

विश्व के बड़े नेताओं की मानसिकता में एक गहरा भय भी दिखाई देता है—सत्ता खोने का भय, वर्चस्व समाप्त होने का भय और दूसरे राष्ट्र के अधिक शक्तिशाली हो जाने का भय। यही भय उन्हें शांति की जगह युद्ध की तैयारी की ओर धकेलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी ने अपने एक ऐतिहासिक भाषण में कहा था

मानव जाति को युद्ध समाप्त करना होगा, अन्यथा युद्ध मानव जाति को समाप्त कर देगा। केनेडी की यह चेतावनी आज परमाणु हथियारों से लैस दुनिया के लिए किसी भविष्यवाणी से कम नहीं लगती।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में सबसे चिंताजनक बात यह है कि नेताओं की भाषा से संवेदनशीलता कम होती जा रही है। राजनीतिक मंचों पर संवाद के स्थान पर कटुता और धमकियों का प्रयोग बढ़ गया है। सोशल मीडिया और प्रचार तंत्र ने भी आक्रामक राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया है। जनता को भावनात्मक रूप से उकसाकर युद्ध समर्थक वातावरण तैयार किया जाता है। राष्ट्रहित के नाम पर हिंसा को उचित ठहराया जाने लगा है।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील सिद्धांत प्रस्तुत करते हुए कहा था कि विश्व शांति सहअस्तित्व और पारस्परिक सम्मान से ही संभव है। उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन के माध्यम से यह संदेश दिया कि शक्ति संतुलन युद्ध से नहीं बल्कि संवाद से कायम रखा जा सकता है। किंतु आज विश्व राजनीति में संवाद की जगह आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य गठबंधन और हथियारों का प्रदर्शन अधिक दिखाई देता है।

दक्षिण अफ्रीका के महान नेता नेल्सन मंडेला ने कहा था—यदि आप अपने शत्रु के साथ शांति चाहते हैं तो आपको उसके साथ काम करना होगा। यह कथन बताता है कि शांति केवल समझौतों से नहीं बल्कि मानसिक परिवर्तन से आती है। दुर्भाग्यवश वर्तमान विश्व नेतृत्व में यह मानसिक परिपक्वता कम दिखाई देती है। नेताओं के निर्णय अक्सर अहंकार, राजनीतिक लाभ और चुनावी रणनीतियों से प्रभावित होते हैं। मानवता पीछे छूट जाती है।

धार्मिक और सांस्कृतिक संघर्षों को भी कई बार राजनीतिक नेतृत्व अपने हित में उपयोग करता है। इससे समाजों में अविश्वास और घृणा बढ़ती है। दुनिया का सामान्य नागरिक शांति चाहता है, लेकिन सत्ता के गलियारों में बैठे लोग संघर्ष से लाभ अर्जित करते हैं। हथियार कंपनियों का बढ़ता प्रभाव भी विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। युद्ध जितना लंबा चलता है, हथियार उद्योग उतना अधिक लाभ कमाता है। ऐसे में शांति प्रयास कमजोर पड़ जाते हैं।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा सदैव वसुधैव कुटुंबकम् की रही है। भगवान बुद्ध ने अहिंसा और करुणा का संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद ने विश्व बंधुत्व की बात की। फिर भी आधुनिक विश्व ने इन आदर्शों को केवल भाषणों तक सीमित कर दिया है। यदि विश्व नेतृत्व वास्तव में शांति चाहता, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर उतना ही खर्च होता जितना हथियारों पर किया जा रहा है। आज आवश्यकता केवल राजनीतिक समझौतों की नहीं, बल्कि मानसिक क्रांति की है। विश्व नेताओं को यह समझना होगा कि युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। युद्ध केवल विनाश की नई नींव रखता है। शांति कमजोरी नहीं बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। जो नेता संवाद, सहिष्णुता और मानवता की रक्षा करते हैं, इतिहास अंतत: उन्हीं को महान मानता है।अंतत: यह कहा जा सकता है कि मानसिक रूप से भ्रमित वैश्विक नेतृत्व ने दुनिया को भय, असुरक्षा और संघर्ष के द्वार पर ला खड़ा किया है। यदि समय रहते शांति, सहअस्तित्व और मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें एक असफल सभ्यता के रूप में याद करेंगी। दुनिया को ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो हथियारों की आवाज़ नहीं, बल्कि मानवता की पुकार सुन सकें। तभी यह पृथ्वी वास्तव में शांति का घर बन सकती है।

## दर्दनाक हादसा : आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पलटी स्लीपर बस, 6 की गई जान-32 घायल



उन्नाव,(आरएनएस)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर औरास थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार स्लीपर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में बिहार के एक दरोगा, एक कैदी समेत 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 यात्री घायल हो गए। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बस दिल्ली से बिहार जा रही थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित हो गई। हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ, उस समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। बस के पलटते ही चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री खिड़कियों से बाहर उछलकर एक्सप्रेसवे के नीचे खंती में जा गिरे।

बताया गया कि बिहार पुलिस के दरोगा रामचंद्र एक कैदी छत्रपाल को बयान दर्ज कराने के लिए सिवान से दिल्ली ले गए थे और वापस बिहार लौट रहे थे। हादसे में दोनों की मौत हो गई। घटना के करीब आठ मिनट बाद मौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। औरास पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। एएसपी शैलेंद्र लाल समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई। गंभीर रूप से घायल कई यात्रियों को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस और यूपीडा ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

## पंजाब निकाय चुनावों के लिए मतदान शुरू, बैलेट पेपर से डाले जा रहे वोट; 29 मई को आएंगे नतीजे

चंडीगढ(आरएनएस)। पंजाब में आज निकाय चुनावों के लिए मतदान हो रहा है। राज्य में 8 नगर निगमों पर वोटिंग जारी है, जनमें बठिंडा, अबोहर, बटाला, बरनाला, कपूरथला, मोगा, पठानकोट और मोहाली शामिल हैं। वहीं इसके अलावा 75 नगर कौंसिल और 20 नगर पंचायतों के लिए भी मतदान हो रहा है।

बता दें पंजाब में इस बार के निकाय चुनावों में इवीएम का इस्तेमाल नहीं हो रहा है, बल्कि इस बार बैलेट पेपर से वोट डाले जा रहे हैं। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हो गया है, जो शाम 5 बजे तक चलेगा। इस चुनाव में 7,555 कैंडिडेट चुनाव मैदान में हैं। 36.73 लाख वोटर मतदान करेंगे।

चुनाव को लेकर पूरी सख्ती बरती गई है। राज्य चुनाव आयोग ने 9 चीजों को अंदर ले जाने पर रोक लगा दी है। यहां तक कि स्विच ऑफ मोबाइल भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।वोटिंग के चलते आज पंजाब के सरकारी छुट्टी है। इसके अलावा शराब बिक्री पर भी रोक लगाई गई है। वोटिंग में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए 35 हजार पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं इन चुनावों के नतीजे 29 मई को आएंगे।

## चंडीगढ़ में फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन डिजाइनर पर दुष्कर्म का मामला दर्ज, युवती ने लगाए संगीन आरोप

चंडीगढ़, (आरएनएस)। फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन डिजाइनर सैनी एस. जोहरे के खिलाफ चंडीगढ़ के सेक्टर-17 थाने में एक युवती से दुष्कर्म, मारपीट और अवैध रूप से बंधक बनाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, हालांकि बाद में उसे जिला अदालत से जमानत मिल गई। यह मामला 21 अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया था, जिसका खुलासा सोमवार देर शाम हुआ।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मूल रूप से चंडीगढ़ के खुड्डा लाहौरा की रहने वाली और वर्तमान में नई दिल्ली में रह रही युवती ने 20 अप्रैल को सेक्टर-17 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे शहर के एक फाइव स्टार होटल में बुलाया, जहां उसकी ड्रिंक में कोई संदिग्ध नशीला पदार्थ मिला दिया गया। हालत बिगड़ने पर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, मारपीट की और उसे गलत तरीके से बंधक बनाकर रखा।युवती की शिकायत पर पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठकः जयशंकर बोले-स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत हमारी साझा जिम्मेदारी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और ऑस्ट्रिर्लयाई विदेश मंत्री पेनी वोंग दिल्ली में हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि बैठक में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने और ऊर्जा और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।



जयशंकर ने कहा कि हिंद-प्रशांत को को वैश्विक विकास और स्थिरता का वाहक बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीनों में हमारे अधिकारियों ने समुद्री सुरक्षा, अहम तकनीक, आर्थिक मजबूती और एचएडीआर (मानवीय सहायता और आपदा राहत) जैसी मुख्य प्राथमिकताओं पर सहयोग को आगे बढ़ाया है। हमने कई पहलों पर उत्साहजनक प्रगति देखी है। समुद्री लोकतंत्र, बहुलवादी समाज और बाजार अर्थव्यवस्थाओं के तौर पर, हम एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के प्रति अपनी जिम्मेदारी साझा करते हैं।

अमेरिका के विदेश मंत्री रुबियो ने कहा, क्वाड की ताकत प्रत्येक सदस्य देश के अनूठे योगदान में निहित है। यह समूह केवल चर्चाओं का मंच नहीं है, बल्कि ये चारों देश मिलकर मानवीय संकट, ऊर्जा सुरक्षा, नौवहन की स्वतंत्रता और महत्वपूर्ण खनिज एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण जैसी प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। क्वाड समूह एक चर्चा मंच से विकसित होकर एक कार्रवाई-उन्मुख रणनीतिक साझेदारी में तब्दील हो रहा है।

जापान के विदेश मंत्री ने कहा, यह बैठक दुनिया को दृढ़ संदेश देती है कि क्वाड स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक को साकार करने के लिए सहयोग को मजबूती से बढ़ावा देगा। हिंद-प्रशांत देशों को लचीलापन और आर्थिक सुरक्षा सहित अपने भविष्य का निर्धारण करने के लिए आवश्यक क्षमता को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि ईरान युद्ध का हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ रहा है।ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने कहा, हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और एक ऐसी शक्ति के रूप में मिल रहे हैं जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विश्व के स्वरूप को आकार देने में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस समूह ने आपदा राहत, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, समुद्री केबल, समुद्री सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में ठोस परिणाम हासिल किए हैं। चारों देश क्षेत्रीय सहयोग प्रयासों को गति प्रदान करते हुए क्वाड को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## लखीमपुर खीरी के कारीबरेडी गांव में लगी भीषण आग, 50 घर जले, पांच मवेशी मरे, लाखों का नुकसान

लखीमपुर खीरी ,(आरएनएस)। जिले के मितौली तहसील क्षेत्र के कारीबरेडी गांव में सोमवार रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में करीब 50 घर जल गए, जिससे ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग से पांच मवेशी जलकर मर गए।



रात में आग लगने के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता, सीओ यादवेंद्र यादव और एसएचओ महेश पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाईं।

तेज आंधी के कारण आग तेजी से फैली और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। तहसील प्रशासन और पुलिस सुबह से ही गांव में मौजूद रही। टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रही। प्रशासन ने अग्निकांड पीड़ित परिवारों को सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान के जैसलमेर जिले में सांचू सीमा चौकी के दौरे के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ।

## प्रधानमंत्री ने विश्व के नेताओं को दिए गए कूटनीतिक उपहारों के माध्यम से भारत की जनजातीय विरासत का प्रदर्शन किया

नई दिल्ली,(आरएनएस)। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी कूटनीतिक विदेश यात्राओं के दौरान विश्व के नेताओं को देश की विविधतापूर्ण स्वदेशी कला और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष रूप से तैयार किए गए उपहार भेंट करके भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल को दर्शाया है।



स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की गई जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है। गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थायी रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है।इसी प्रकार, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को असम के मूगा रेशम की पारंपरिक शॉल और मणिपुर के तंगखुल नागा समुदाय की ओर से निर्मित शिरुई लिली की शॉल उपहार में दी गयी। अपनी विशिष्ट प्राकृतिक सुनहरी चमक और टिकाऊ होने के कारण प्रसिद्ध मूगा रेशम असम की सदियों पुरानी बुनाई परंपरा का प्रतीक है और इसे भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है। वहीं, शिरुई लिली की शॉल तंगखुल नागा जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और कलात्मक परंपराओं को दर्शाती है। यह मणिपुर के दुर्लभ राज्य पुष्प शिरुई लिली से प्रेरित है।

संयुक्त अरब अमीरात की राजमाता को मणिपुर का काला चावल (चक-हाओ) उपहार में दिया गया जो इस क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी समुदायों की ओर से पारंपरिक धरोहर के रूप से उगाया जाने वाला अनाज है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नाम पर पाकिस्तान ने रची घिनौनी साजिश, पीआईबी ने किया भंडाफोड़



नई दिल्ली,(ए)। सोशल मीडिया पर एक बार फिर भारत विरोधी दुष्प्रचार फैलाने की कोशिश की गई है। पाकिस्तान से जुड़े एक प्रोपेगेंडा सोशल मीडिया हैंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लेकर यह झूठ परोसा है। पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा द्वारा यह वायरल किया जा रहा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को भारत का समर्थन देने से संबंधित एक बयान दिया है। हालांकि जांच में यह पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा पूरी तरह झूठा व निराधार साबित हुआ है।

सरकार की फैक्ट चेक एजेंसी पीआईबी फैक्ट चेक ने इस दावे को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताया है। एजेंसी ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि रक्षा मंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा दावा पूरी तरह भ्रामक है। पीआईबी फैक्ट चेक ने लोगों को सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि भारत सरकार के खिलाफ झूठे नैरेटिव फैलाने वाले अकाउंट्स से सतर्क रहें। एजेंसी ने यह भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध या भ्रामक पोस्ट को बिना सत्यापन शेयर न करें। फर्जी खबरों और दुष्प्रचार के खिलाफ सरकार लगातार निगरानी कर रही है।

# भारत-जापान संगोष्ठी ने कार्यबल सहयोग को एक नई गति प्रदान की

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत और जापान के बीच कार्यबल गतिशीलता सहयोग पर चर्चा करने के लिए 25 मई को टोक्यो में एक संयुक्त संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी जापान स्थित भारतीय दूतावास और जापान की आसियान वन कंपनी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री वंदना गुरनानी ने मुख्य संबोधन दिया।

भारत और जापान के बीच कुशल कार्यबल गतिशीलता और मानव संसाधन विकास में दीर्घकालिक सहयोग पर चर्चा के लिए इस संगोष्ठी में जापानी नीति निर्माताओं, उद्योग जगत प्रमुखों, शैक्षणिक संस्थानों और कार्यबल गतिशीलता से जुड़े हितधारकों को एक मंच पर लाया गया।

इस कार्यक्रम में भारत और जापान के कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें जापान की प्रतिनिधि सभा के सदस्य जैसे पूर्व न्याय मंत्री श्री यामाशिता, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग राज्य मंत्री श्री इनो, शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री नाकामुरा, जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के अध्यक्ष श्री तादाशी माएदा, जापान के विदेश मंत्रालय के उप महानिदेशक श्री केंगो ओत्सुका और जापान में भारत की राजदूत सुश्री नगमा मोहम्मद मल्लिक शामिल थे।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव ने अपने मुख्य संबोधन में वैश्विक कार्यबल के एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने पारदर्शी, नैतिक और व्यापक अंतरराष्ट्रीय श्रम गतिशीलता मार्ग तैयार करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति, सुदृढ़ कौशल विकास प्रणाली और संस्थागत सुधार देश को जापान सहित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए कुशल मानव संसाधन का एक विश्वसनीय स्रोत बनाते हैं।

उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, शिक्षुता प्रणालियों, डिजिटल कौशल विकास प्लेटफार्मों और कैरियर सेवाओं द्वारा समर्थित भारत के व्यापक कार्यबल तैयारी तंत्र पर भी विस्तार से चर्चा की।

## *केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की*

*नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति की व्यापक समीक्षा बैठकें आयोजित की। इन बैठकों का आयोजन नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और परियोजना ठेकेदारों की उपस्थिति में किया गया। श्री गडकरी ने समीक्षा बैठक में राजस्थान के 10,064 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति का आकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश में 1,947 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की प्रगति की समीक्षा भी की।श्री गडकरी ने टिकाऊ, मजबूत और कुशल राजमार्ग अवसंरचना के विकास को सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों के कड़ाई से पालन और उन्नत प्रौद्योगिकियों तथा आधुनिक निर्माण पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मजबूत राजमार्ग नेटवर्क कनेक्टिविटी में सुधार, आर्थिक विकास को गति देने, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और प्रमुख गलियारों में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।*

# तेल-गैस भंडारों का पता लगाने के लिए पूरे देश में नए सिरे से सर्वे करेगी सरकार

नईदिल्ली (आरएनएस)। ईरान युद्ध के चलते कच्चे तेल और गैस की कीमतों पर हुए असर ने सरकार को घरेलू स्तर पर विकल्प तलाशने के लिए मजबूर कर दिया है। अब सरकार गैस और तेल के भूमिगत भंडारों का पता लगाने के लिए देशभर में सर्वे कराने की तैयारी कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इसके लिए कंपनियों को आमंत्रित किया है। इस दौरान जमीन का 3डी सर्वे कर भंडारों का पता लगाया जाएगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक निविदा जारी कर इस काम के लिए कंपनियों को आमंत्रित किया है। निविदा में कहा गया है कि इसका उद्देश्य पुराने भूकंपीय डेटा को पुन: संसाधित करना और देश भर के तलछटी बेसिनों में नए 3डी भूकंपीय सर्वेक्षण करना है। नोटिस के अनुसार, ये काम ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए किया जा रहा है। इस काम को पेट्रोलियम मंत्रालय के हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय द्वारा किया जा रहा है।

सरकार पुराने डेटा की दोबारा स्टडी कर फिर आधुनिक तकनीक के जरिए सर्वे को अंजाम देगी। अधिकारियों का मानना है कि उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग और आधुनिक डेटा प्रोसेसिंग तकनीकों सहित नई तकनीकें,



जमीन के नीचे मौजूद उन संभावित हाइड्रोकार्बन भंडारों का पता लगा सकती हैं, जिन्हें शायद पुराने तरीकों द्वारा स्पष्ट रूप से पता नहीं लगाया जा सका होगा। इसका उद्देश्य नए भूमिगत भंडारों की पहचान करना और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। सूत्रों ने सरकारी दस्तावेजों के हवाले से बताया गया कि सरकार पूर्वी तट पर बंगाल-पूर्णिया, महानदी, कृष्णा-गोदावरी, कावेरी और अंडमान अपतटीय क्षेत्रों को कवर करते हुए एक बहु-बेसिन भूवैज्ञानिक सर्वे की तैयारी कर रही है। सर्वे में बंगाल-पूर्णिया और महानदी सर्वेक्षण में ही 45,000 किलोमीटर की रेखाएं शामिल होंगी। अंडमान बेसिन सर्वेक्षण में 43,000 किलोमीटर की रेखाएं, कृष्णा-गोदावरी में 43,000 किलोमीटर, जबकि कावेरी बेसिन में 30,000 किलोमीटर की रेखाएं जुड़ेंगी। सर्वे करीब 2 साल में पूरा होने की उम्मीद है।दरअसल, भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ईरान युद्ध के चलते पैदा हुए हालात के बाद तेल की कीमतें बढ़ी हैं और भारत को अपनी निर्भरता के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार अन्य देशों पर निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ रही है। यही वजह है कि घरेलू स्तर पर उत्पादन की संभावना तलाशने के लिए सर्वे किया जा रहा है।

## राम रहीम को फिर मिली 30 दिन की पैरोल, 20 साल की सजा में 16वीं बार आया बाहर

रोहतक ,(आरएनएस)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह एक बार फिर जेल से बाहर आ गया है। हरियाणा सरकार ने गुरमीत राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मंजूर की है। इसके बाद मंगलवार सुबह वह रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर निकला। जानकारी के अनुसार, गुरमीत राम रहीम सुबह करीब 6 बजकर 34 मिनट पर जेल से बाहर आया। इस दौरान जेल परिसर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं थी। गौरतलब है कि साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड के मामले में 20 साल की सजा काट रहा गुरमीत राम रहीम अगस्त 2017 से सुनारिया जेल में बंद है।

यह 16वीं बार है जब गुरमीत राम रहीम पैरोल या फरलो पर जेल से बाहर आया है। इससे पहले भी वह 15 बार जेल से बाहर आ चुका है। इसी साल जनवरी महीने में उसे 40 दिन की पैरोल मिली थी, जिसके बाद वह 15 फरवरी को वापस सुनारियां जेल लौटा था।

गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल मिलने को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। विपक्षी दलों और कई सामाजिक संगठनों ने पहले भी इस पर आपत्ति जताई है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि पैरोल नियमों के तहत दी जाती है। इसी साल जनवरी में भी वह जेल से बाहर आया था। जानकारी के मुताबिक, इससे पहले 15 सितंबर, 2025 को भी राम रहीम को 40 दिनों की पैरोल मिली थी।

## इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अस्पताल में भर्ती

यरूशलेम (आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सोमवार शाम को जेरूसलम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि नेतन्याहू को हदासा ऐन केरेम मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां उनके दंत चिकित्सा से संबंधित उपचार चल रहा है। उपचार की प्रकृति के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल, नेतन्याहू पूरी तरह ठीक बताए जा रहे हैं और डॉक्टर उनको देख रहे हैं।

इजरायल के 76 वर्षीय प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य की काफी चर्चा है। उन्होंने पिछले महीने, एक लंबी सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि उनके प्रोस्टेट में एक घातक ट्यूमर था, जिसका सफल विकिरण उपचार हुआ था। उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने यह जानकारी इसलिए सार्वजनिक नहीं की थी क्योंकि ईरान युद्ध के बीच दुश्मन इसका दुष्प्रचार कर सकता था। उन्होंने वार्षिक स्वास्थ्य रिपोर्ट और कैंसर निदान एवं उपचार से संबंधित एक अतिरिक्त दस्तावेज भी जारी किया था।

नेतन्याहू बीते सालों में कई बड़े इलाज करवा चुके हैं। उन्होंने जुलाई 2023 में पेसमेकर लगवाया था, मार्च 2024 में हर्निया की सर्जरी करवाई थी और दिसंबर 2024 में प्रोस्टेट ग्रंथि निकलवाने की सर्जरी करवाई थी। पेसमेकर लगाते समय शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया था कि रमात गान के शेबा मेडिकल सेंटर में उनकी निर्जलीकरण की निगरानी की जा रही थी। हालांकि, अस्पताल ने बाद में बताया कि उन्हें त्वचा के नीचे एक हृदय मॉनिटर लगाया गया था।

## पाकिस्तान ने ठुकराई अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मांग, कहा-अब्राहम समझौते से नहीं जुड़ेंगे

इस्लामाबाद(आरएनएस)। पाकिस्तान ने अब्राहम समझौते में शामिल होने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान समेत कई अरब देशों से समझौते से जुड़ने की अपील की थी। इसके जवाब में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वह इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं। यह समझौता इजरायल और अरब देशों के बीच संबंध स्थापित करने से जुड़ा है। आसिफ ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर मुझे नहीं लगता कि हमें किसी ऐसे समझौते में शामिल होना चाहिए जो हमारी बुनियादी विचारधाराओं से टकराता हो। हमारा रुख बिल्कुल साफ है कि यह हमें मंजूर नहीं है। आप उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता? उन्होंने पाकिस्तानी पासपोर्ट का भी जिक्र किया, जिस पर लिखा होता है कि यह इजरायल की यात्रा के लिए मान्य नहीं है।

# ट्रंप ने कहा- ईरान का परमाणु धूल नष्ट किया जाना चाहिए, समझौते के बाद होर्मुज खुलेगा

वाशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांति वार्ता के बीच ईरान के परमाणु धूल यानी संवर्धित यूरेनियम को नष्ट करने की बात कही है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर कहा कि ईरान के पास जो परमाणु धूल है, उसे नष्ट करने के लिए अमेरिका को सौंप दिया जाए या फिर ईरान खुद मिलकर उसे अन्य स्वीकार्य जगह पर नष्ट करे। ट्रंप ने इस काम के लिए परमाणु ऊर्जा आयोग से मदद लेने की बात कही है।

ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, संवर्धित यूरेनियम (परमाणु धूल!) को या तो तुरंत अमेरिका को सौंप दिया जाएगा, ताकि उसे वापस लाकर नष्ट किया जा सके या, बेहतर तो यह होगा कि ईरान के साथ मिलकर और उनके समन्वय से, उसे उसी



जगह पर—या किसी अन्य स्वीकार्य स्थान पर—नष्ट कर दिया जाए। इस पूरी प्रक्रिया के गवाह के तौर पर परमाणु ऊर्जा आयोग या उसके समकक्ष कोई संस्था मौजूद रहे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मध्य पूर्व में शत्रुता समाप्त करने के लिए अमेरिका–ईरान में समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को 30 दिनों के लिए खोल दिया जाएगा। इस अवधि में ईरान समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटा देगा, जिससे कई देशों के लिए तेल आपूर्ति ले जाने वाले जहाजों के आवागमन का मार्ग प्रशस्त होगा। युद्ध की शुरुआत से ही इस जलमार्ग से जहाजों को गुजरने में कठिनाई हो रही है, जिससे दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ रहा है।

# अमेरिका के सुपरमार्केट में घुसा नकाबपोश कातिल, 10 साल से काम कर रही भारतीय महिला को गोलियों से भूना





वर्जीनिया (आरएनएस)। अमेरिका के वर्जीनिया से एक बेहद दर्दनाक और विचलित करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सुपरमार्केट में लूटपाट के इरादे से घुसे एक हथियारबंद बदमाश ने गुजरात की रहने वाली 45 वर्षीय मेघनाबेन पटेल की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात ने अमेरिका में रह रहे भारतीयों समेत पूरे गुजरात को झकझोर कर रख दिया है।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ हत्या का खौफनाक मंजर

इस पूरी वारदात का एक दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एनिमल प्रिंट वाला ट्रैक सूट और ग्रे जैकेट पहने एक नकाबपोश शख्स लगभग खाली सुपरमार्केट में दाखिल होता है। वह सीधे काउंटर के पास जाता है और महिला से कुछ बातचीत करता है। चंद सेकंड बाद ही वह अचानक अपनी जेब से बंदूक निकालता है और महिला पर फायरिंग कर देता है। गोली लगते ही महिला नीचे गिर जाती है, लेकिन हमलावर की हैवानियत यहीं खत्म नहीं होती। वह काउंटर फांदकर उस पार जाता है और नीचे गिरी महिला पर ताबड़तोड़ कई और गोलियां बरसा देता है। इसके बाद वह कुछ सामान गिराते हुए उसी रास्ते से तुरंत भाग निकलता है।जानकारी के मुताबिक, मेघनाबेन पटेल पिछले 10 सालों से इसी सुपरमार्केट में लगन के साथ काम कर रही थीं। मूल रूप से वह गुजरात में महेसाणा के विसापुर इलाके के जंत्राल गांव की रहने वाली थीं। अमेरिका में हुए इस क्रूर हमले के बाद उनके पति उपेंद्रभाई पटेल, बेटी नक्षीबेन और बेटे स्मिथ का रो-रोकर बुरा हाल है और वे गहरे सदमे में हैं। वहीं, जंत्राल गांव में रहने वाले उनके वृद्ध पिता करसनभाई पटेल और मां कपिलाबेन अपनी जवान बेटी की मौत की खबर सुनकर पूरी तरह टूट गए हैं।

### कातिल की तलाश में जुटी पुलिस की स्पेशल टीमें


फायरिंग की इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि यह वारदात लूटपाट के इरादे से की गई है।

## ईरान के साथ शांति वार्ता के बीच अमेरिका का हमला, आईआरजीसी की नावों को बनाया निशाना

वाशिंगटन (आरएनएस)। ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता के बीच अमेरिकी सेना ने एक बार फिर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नावों को निशाना बनाया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने इसे दक्षिणी ईरान में अमेरिका सेना के आत्मरक्षा हमले बताए हैं। उनका कहना है कि ईरानी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास कर रही थी, जिसे हमलों से असफल कर दिया गया।अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आईआरजीसी की 2 नौकाओं को बारूदी सुरंगें बिछाते हुए देखा गया था, जिसके बाद सैन्य कार्रवाई की गई। अमेरिकी सेना ने बंदर अब्बास में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) के एक ठिकाने पर भी हमला किया है।

## यक्रेन पर बड़े हमले की तैयारी में रूस? अमेरिका से कहा- अपने नागरिकों को निकालो

मॉस्को,(आरएनएस)। खबर है कि रूस यूक्रेन पर बड़े हमलों की तैयारी कर रहा है। बीते दिन रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने रुबियो से कहा कि अमेरिका अपने नागरिकों और राजनयिकों को कीव से बाहर निकाल ले। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस यूक्रेन की राजधानी कीव समेत निर्णय लेने वाले केंद्रों पर व्यवस्थित हमले करने जा रहा है।



रुबियो के साथ बातचीत के दौरान लावरोव ने यूरोप और यूक्रेन पर 2025 में अलास्का शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए समझौतों को विफल करने का आरोप भी लगाया। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन ने लावरोव से कहा था कि वे रुबियो को फोन करें और बताएं कि रूस कीव में प्रमुख सुविधाओं पर व्यवस्थित और लगातार हमले करेगा, जिसमें शहर के निर्णय लेने वाले केंद्र भी शामिल हैं।

रूस ने विदेशी नागरिकों और राजनयिकों से जितनी जल्दी हो सके कीव छोड़ने का आह्वान किया है। रूस ने कहा कि विदेशी नागरिक प्रशासनिक और सैन्य भवनों से दूर रहें। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, नए हमलों में शहर में स्थित ड्रोन निर्माण सुविधाओं के साथ-साथ निर्णय लेने वाले केंद्रों और कमान चौकियों को निशाना बनाया जाएगा। हम राजनयिक मिशनों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के कर्मियों सहित विदेशी नागरिकों को जल्द से जल्द शहर छोड़ने की चेतावनी दे रहे हैं।


अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि रूस द्वारा नए हमलों की चेतावनी के बावजूद अमेरिका युद्ध में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, जब भी आप किसी भी पक्ष की ओर से ये बड़े हमले देखते हैं, तो यह इस बात की याद दिलाता है कि यह एक भयानक युद्ध है और इसे खत्म करने की जरूरत है।

# फीचर

## रीढ़ की हड्डी को लचीला और मन को शांत बनाता है मारीच्यासन

***आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोग तनाव, कमर दर्द और पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं। ऐसे में योग एक आसान और कारगर तरीका है, जो शरीर को लचीला बनाता है और मन को शांत रखता है। इसी कड़ी में मारीच्यासन एक ऐसा योगाभ्यास है, जिसके नियमित अभ्यास से रीढ़ की हड्डी लचीली होने समेत कई तरह की शारीरिक समस्याओं से निजात मिलता है।***

मारीच्यासन को मारीचि ऋषि के नाम पर जाना जाता है। मारीच्यासन शब्द संस्कृत से बना है। इसमें मारीच का अर्थ प्रकाश की किरण (सूर्य या चंद्रमा की किरण) होता है और आसन का अर्थ बैठने की मुद्रा या फिर योग की स्थिति होती है। इस आसन के नियमित अभ्यास करने से यह आसन कंधों, कमर, गर्दन और पैरों की मांसपेशियों को स्ट्रेच करता है। साथ ही पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक असर डालता है।



आयुष मंत्रालय के अनुसार, मारीच्यासन मेरुदंड (रीढ़ की हड्डी) में लचीलापन बढ़ाने, पाचन क्रिया में सुधार करने और मधुमेह के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी योगासन है। यह आसन शरीर में कार्य क्षमता को पुनर्जीवित करता है।

इसके नियमित अभ्यास से रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) बेहतर होता है, तनाव कम होता है और पेट के कई अंग सक्रिय होते हैं, जैसे लिवर, किडनी, प्लीहा, पेट, अग्न्याशय, छोटी आंत, पित्ताशय और प्रजनन तंत्र।

इसे करना बेहद आसान है। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर दंडासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब अपना दाहिना घुटना मोड़ें और बाएं हाथ को दाहिनी जांघ के बाहर रखें। सांस को छोड़ते हुए दाईं ओर मुड़ें और पीछे की तरफ देखें। संभव हो, तो हाथों को पीठ के पीछे पकड़ें। 5-10 गहरी सांसें लेकर दूसरी तरफ दोहराएं। शुरुआत में आसन को धीरे-धीरे और योग शिक्षक की देखरेख में करें। सांस पर पूरा ध्यान दें, जल्दबाजी न करें।

नियमित योग से न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। यह आसन शरीर को लचीला बनाता है और मन को शांत रखता है। वहीं, सही तरीके से सांस लेना और ध्यान केंद्रित करना इस आसन का सबसे बड़ा रहस्य है।

हालांकि, यह आसन करने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं, लेकिन गर्भवती महिलाएं, गंभीर कमर दर्द या हाल ही में सर्जरी हुई हो तो डॉक्टर से सलाह लें।

## रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं त्रिधा चौधरी, बोलीं- शिवा ट्रिलॉजी जैसी फिल्म का हिस्सा बनना मेरा सपना

फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार अब सिर्फ ग्लैमरस किरदारों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहते हैं, जिनमें अभिनय के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव भी हो। इसी बीच अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि वह भविष्य में अभिनेता रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं। अगर उन्हें शिवा ट्रिलॉजी जैसी किसी पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा। जब त्रिधा से पूछा कि अगर उन्हें भविष्य में किसी बड़े ऐतिहासिक या पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह किस तरह का किरदार निभाना पसंद करेंगी। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह लेखक अमिश त्रिपाठी की मशहूर किताब शिवा ट्रिलॉजी पर बनने वाली फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी।



त्रिधा ने कहा, मैंने हाल ही में सुना है कि रणवीर सिंह ने शिवा ट्रिलॉजी के फिल्मी राइट्स खरीद लिए हैं। यह खबर सुनकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं और उन्हें अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद करती हूं। रणवीर जिस तरह अपने हर किरदार में पूरी एनर्जी डालते हैं, वह मुझे बेहद प्रेरित करता है। उनके साथ काम करना मेरा सपना है।

उन्होंने आगे कहा, भगवान शिव के प्रति मेरी गहरी आस्था है, और यही वजह है कि शिवा ट्रिलॉजी से मेरा भावनात्मक जुड़ाव भी है। मैंने इस किताब की पूरी सीरीज पढ़ी है और कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया। अगर मुझे किसी ऐसी पौराणिक फिल्म में अभिनय करने का मौका मिलता है, तो वह मेरे करियर का सबसे खास अनुभव होगा।

त्रिधा ने बातचीत के दौरान कहा, मेरे लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना या ग्लैमरस किरदार निभाना ज्यादा मायने नहीं रखता। एक कलाकार की असली पहचान उसके अभिनय से होती है। अगर कोई कलाकार स्क्रीन पर सिर्फ अच्छा दिखे लेकिन अपने किरदार को सही तरीके से निभा न पाए, तो दर्शक उससे जुड़ नहीं पाते।

अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए क्रिटिक्स की तारीफें ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं। अगर लोग मेरे अभिनय को पसंद करें और यह महसूस करें कि मैंने किरदार के साथ न्याय किया है, तो वही मेरे लिए सबसे बड़ी सफलता है। मैं हमेशा ऐसे रोल चुनना चाहती हूं जिनमें अभिनय करने का मौका मिले और दर्शकों तक कोई भावना पहुंचाई जा सके।

## स्ट्रैपलेस ड्रेस में पूजा हेगड़े ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा, कातिलाना पोज पर फिदा हुए फैंस

पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. इसी बीच एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है. स्ट्रैपलेस ड्रेस में पूजा ने कातिलाना पोज दिए, जिन पर फैंस दिल हार बैठे.



पूजा हेगड़े ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी सिजलिंग तस्वीरें शेयर कर फैंस की धड़कनें बढ़ा दी. पूजा हेगड़े ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी सिजलिंग तस्वीरें शेयर कर फैंस की धड़कनें बढ़ा दी. एक्ट्रेस ने मिनिमल एक्सेसरीज़, सटल ग्लॉसी मेकअप और सॉफ्ट वेवी हेयर के साथ अपने ग्लैमरस लुक को और भी अट्रैक्टिव बना दिया. शेयर की गई तस्वीरों में पूजा हेगड़े एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस पूजा के इस ग्लैमरस लुक के दीवाने हो गए हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आने वाली हैं. फिल्म में वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी लीड रोल में हैं. इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है. फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# गर्मियों में पसीने की वजह से हो जाती है घमोरी? बचाव के लिए अपनाएं ये सुझाव

गर्मियों में सबसे ज्यादा परेशान करता है पसीना, जो उमस की वजह से बहुत बढ़ जाता है। ज्यादा पसीना निकलने के कारण त्वचा पर घमोरियां हो सकती हैं। इस समस्या की वजह से त्वचा पर लाल दाने, खुजली या जलन होती है। इसके उत्पन्न होने पर तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। हालांकि, अगर आप घमोरियों से बचना चाहते हैं तो इन 5 टिप्स का पालन करें। इनके जरिए आपका स्वास्थ्य सही रहेगा और आपको ज्यादा पसीना भी नहीं आएगा।

### ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें

गर्मियों में ढीले-ढाले कपड़े पहनना सबसे अच्छा होता है। तंग कपड़े पहनने से पसीना निकलने की जगह नहीं मिलती, जिससे घमोरियां हो सकती हैं। सूती कपड़े इस मौसम में सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीने को सोख लेते हैं। इसके अलावा ढीले कपड़े पहनने से त्वचा को आराम मिलता है और गर्मी से होने वाली जलन से बचाव होता है। इसलिए, हमेशा सूती और ढीले कपड़े ही पहनें।

### रोजाना नहाएं

रोजाना नहाना एक अच्छी आदत है, जो गर्मियों के दौरान खासतौर से जरूरी है। इससे न केवल शरीर की गंदगी दूर होती है, बल्कि पसीने के कारण होने वाली घमोरियों से भी छुटकारा मिलता है। नहाने के



लिए हल्का गुनगुना पानी इस्तेमाल करें और साबुन की जगह हल्के जेल या फोम का उपयोग करें। इससे आपकी त्वचा साफ रहेगी और तरोताजा महसूस होगा। इसके अलावा नहाने के बाद त्वचा को अच्छी तरह से सुखाना न भूलें।

### त्वचा को नमी दें

नहाने के बाद त्वचा पर मॉइस्चराइजर लगाना जरूरी है। यह न केवल त्वचा को नमी देता है, बल्कि उसे मुलायम भी रखता है। इसके लिए हल्का और बिना खुशबू वाला मॉइस्चराइजर चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो। इससे घमोरी होने की संभावना कम होती है और त्वचा पर ताजगी बनी रहती है। नियमित रूप से मॉइस्चराइजर लगाने से त्वचा की नमी बरकरार रहती है और वह स्वस्थ दिखती है।

### धूप से बचाव करें

सूरज की हानिकारक किरणें भी घमोरी का कारण बन सकती हैं, इसलिए बाहर जाने से पहले अपनी त्वचा पर धूप से बचाव करने वाली क्रीम लगाएं। यह आपकी त्वचा को धूप से बचाती है और जलन होने से रोकती है। हर 2-3 घंटे बाद इसे दोबारा लगाना न भूलें, खासकर अगर आप लंबे समय तक बाहर रह रहे हैं। इसके अलावा सूरज की सीधी किरणों से बचने के लिए टोपी या छाते का इस्तेमाल करें।

### पानी पीते रहें

शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है, ताकि पसीना आसानी से निकल सके और शरीर ठंडा रहे। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीएं और नारियल पानी, ताजे फलों का रस या इलेक्ट्रोलाइट पेय भी शामिल करें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और घमोरियां होने की संभावना कम होगी। इसके अलावा हाइड्रेट रहने से ऊर्जा बनी रहती है और थकान महसूस नहीं होती। अगर इन सबके बाद भी घमोरियां हो जाएं तो डॉक्टर से परामर्श करें।

